संख्या–193 /USDMA – 685 (2019)

प्रेषक,

अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिरकण,
सचिवालय परिसर, देहरादून।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विभागाध्यक्ष),
लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड।

यू.एस.डी.एम.ए. देहरादूनः दिनांकः 21 मई, 2020

विषयः– राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित **"Landslide Risk Mitigation Scheme (LRMS)"** परियोजना के अन्तर्गत हर्डिया नाला भूस्खलन जोन की निविदा के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत होना चाहें कि राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित "Landslide Risk Mitigation Scheme (LRMS)" परियोजना अन्तर्गत राज्य में अवस्थित हर्डिया नाला, कर्णप्रयाग–ग्वालदम–जौलजीवी मोटर मार्ग नम्बर–11, किलोमीटर–166 भूस्खलन जोन की निविदा प्रक्रिया आपके विभाग के द्वारा आज़ दिनांक तक सम्पन्न नहीं की गयी है।

खेद का विषय है कि 8 माह का समय बीत जाने के बाद भी उक्त उल्लेखित भूस्खलन जोन की अभी तक निविदा प्रक्रिया नहीं हो पायी है। उक्त के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि 10 दिवस में निविदा प्रक्रिया सम्पन्न कर उपयुक्त फर्म का चयन कर तत्काल प्रभाव से सुरक्षा व उपचार कार्यो को प्रारम्भ किया जाऐ, ताकि संदर्भित प्रकरण के क्रियान्वयन एवं प्रगति की सूचना राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, भारत सरकार को ससमय प्रेषित की जा सके।

अतः उपरोक्त संदर्भित प्रकरण पर एम.ओ.यू. (MoU) के अनुरूप यथाशीघ्र कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

21/05

(रिद्धिम अग्रवाल)
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी

संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः

1. सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. श्री एन.पी.सिंह, नोडल अधिकारी/अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, टिहरी को उक्त के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रिद्धिम अग्रवाल)
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी